90 साल की लीज पर उद्यमियों को ग्रेटर नोएडा में मिलेगी जमीन

ग्रेनो में कॉमर्शियल फुटप्रिंट बढ़ाने पर योगी सरकार का फोकस

112 से 140 वर्गमीटर प्लॉट का आवंटन, न्यूनतम नेटवर्थ 3 से 5 करोड़ रुपये

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। व्यापारिक व औद्योगिक प्रमुख केंद्रों में शुमार ग्रेटर नोएडा में कॉमर्शियल गतिविधियों के संचालन व कॉमर्शियल फुटप्रिंट को बढ़ाने के लिए खास तैयारियां की जा रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने ग्रेटर नोएडा में कॉमर्शियल फुटप्रिंट बढ़ाने के लिए 112 से 140 वर्ग मीटर के प्लॉट के लिए ई ऑक्शन की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। इस स्कीम के लिए पात्र आवेदनकर्ता 16 अक्तूबर तक आवेदन कर सकेंगे। दो नवंबर को सफल आवेदनकर्ताओं की सूची बनेगी, जो सात नवंबर को होने वाली ई-ऑक्शन प्रक्रिया में हिस्सा ले सकेंगे। इसमें वही हिस्सा ले सकते हैं, जिनकी न्यूनतम नेटवर्थ तीन से पांच करोड़ रुपये होगी।

यीडा की परियोजना में भूखंड प्राप्त करने वाले आवेदनकर्ताओं को 90 वर्ष की लीज डीड पर भूमि आवंटित की जाएगी, जिस पर वह भूतल समेत कुल पांच मंजिला और 100 प्रतिशत लैंड कवरेज वाले कॉमर्शियल स्ट्रक्चर बना सकते हैं। इस योजना के तहत लाभ लेने के लिए आवेदनकर्ताओं को 25 से 30 हजार रुपये व 18 प्रतिशत जीएसटी बतौर प्रोसेसिंग फीस भुगतान करना होगा।

इसके अतिरिक्त अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट के तौर पर 112 वर्गमीटर के भूखंड के लिए 29 लाख, 124 वर्ग मीटर भूखंड के लिए 32 लाख और 140 वर्ग मीटर भूखंड के लिए 36 लाख रुपये जमा करने होंगे। जेवर एयरपोर्ट, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, यमुना एक्सप्रेसवे व बुद्ध सर्किट से निकटता के कारण इस योजना से प्राप्त होने वाले भूखंड कॉमर्शियल फुटप्रिंट विस्तार के लिहाज से महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।